सोना सोना दरबार लगे है

सोना सोना दरबार लगे है,
सोना सोना सरकार लगे है,

सोना सोना लागे दरबार हम को,
सोना सोना लागे सरकार,
कर श्याम तेरा दीदार मैं अपना दिल गया हार,
मुझे आप से हो गया प्यार संवारे,
सोना सोना लागे दरबार हमको,
सोना सोना लागे सरकार हमको,

माथे पे मुक्त बिशाला गल में बेजंती माला,
सज धज के बेठा मेरा खाटू वाला,
केसरिया बागा क्या खूब लगे है,
दर्शन करके मेरे भाग जगे है,
पाँव श्याम तेरा दीदार मैं अपना दिल गया हार,
मुझे आप से हो गया प्यार संवारे,
सोना सोना लागे दरबार हमको,
सोना सोना लागे सरकार हमको,

सूरत है प्यारी प्यारी जाओ मैं वारि वारि,
तेरा दीवाना तुझपे बलिहारी,
कही नजर लगे न बच के रहना,
भीड़ बहुत हैज़रा संबल के रहना,
श्याम तेरा दीदार मैं अपना दिल गया हार,
मुझे आप से हो गया प्यार संवारे,
सोना सोना लागे दरबार हमको,
सोना सोना लागे सरकार हमको,

सूरज और चंदा फीके तारे सितारे फीके,
तेरे आगे सारे नज़ारे फीके,
एक तू ही तू है मेरे दिल में समाया,
पापू शर्मा को चैन ना आया,
कर श्याम तेरा दीदार मैं अपना दिल गया हार
मुझे आप से हो गया प्यार संवारे,
सोना सोना लागे दरबार हमको,
सोना सोना लागे सरकार हमको,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4217/title/sona-sona-darbar-lage-hai-sona-sona-sarkar-lage-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |